पटना के 2 प्रिंटिंग प्रेस पर रेड, NCERT की नकली किताबें हुई जब्त

पटना के दो प्रिंटिंग प्रेस में सोमवार को छापामारी हुई। इस दौरान बड़ी संख्या में NCERT की नकली किताबें जब्त की गई है। सोनालिका नगर स्थित प्रेस से क्लास 11 की बाइलॉजी, फीजिक्स और केमिस्ट्री की नकली किताबें मिलीं है। दूसरे प्रिंटिंग प्रेस से एनसीईआरटी की कक्षा 6 की सोशल साइंस की प्रिंट और भंडारित किताबें जब्त की गई हैं।

दंडाधिकारी की उपस्थिति में पुलिस ने दोनों प्रिंटिंग प्रेस को सील कर दिया है। प्रिंटिंग प्रेस संचालक भाग निकले हैं। इनमें एक प्रिंटिंग प्रेस के मालिक विजय कुमार और दूसरे प्रेस के मालिक कमलेश सिंह शामिल हैं। दोनों प्रिंटिंग प्रेस से 11वीं कक्षा के जीव विज्ञान, भौतिकी, रसायन विज्ञान एवं कक्षा छह के सामाजिक विज्ञान की एक-एक प्रति जांच के लिए ली गई है। कंपनी के मार्केटिंग प्रतिनिधि ने थाने में प्राथमिकी कराई है।

इसमें उल्लेख किया है कि नकली किताब की छपाई, भंडारण और ब्रिकी से भारत सरकार को आर्थिक क्षति और सरकार की एजेंसी की साख खराब हुई है। थाना अध्यक्ष राजेश कुमार झा ने बताया कि कापी राइट एक्ट के उल्लंघन समेत अन्य धाराओं में प्राथमिकी कर फरार आरोपितों की तलाश में छापामारी जारी है।

Source: https://www.insiderlive.in/state/raid-on-2-printing-presses-of-patna-fake-ncert-books-seized/